वर्ष : १४ अंक : ४९ मुंबई, शुक्रवार, ९ अक्टूबर से १५ अक्टूबर २०२० पृष्ठ : ८ मूल्य : २/- रुपये

Postal Regd. : MCN/265-2020-2022
RNI No. : MAHHIN/2006/16907

# ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र

संपादक : रफीक एम. शेख
कार्यकारी संपादक : अहमद शेख

AIB ALL INDIA BRIGADE www.aibnews.co.in

यलगार हिन्दी पत्रकार संघ Reg. No. 67 G.B.B.S.D. 2009 MAH. MUMBAI

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र RNI No.MAHHIN/2006/16907 www.allindiabrigadenews.com

यलगार R.N.I No. MAHHIN/2006/18559 साप्ताहीक हिंदी समाचार पत्र

इंडियन बैकवर्ड कांफ्रेस रफीक एम. शेख मीडिया प्रभारी
WWW.INDIANBACKWARDCONFERENCE.COM
NGO RAFIQUE M SHAIKH NATIONAL SECRETARY NGO

# अमेरिकी कंपनियों में निवेश के बहाने करते थे ठगी





**मुंबई :** अमेरिकी कंपनियों में पैसे निवेश करने, आर्थिक लेन-देन एवं आर्थिक सहायता करने की आड़ में बोरीवली में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का कांदिवली पुलिस ने खुलासा किया है। लोगों से अवैध रूप से वसूली करने के आरोप में कांदिवली पुलिस ने ४ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम उमेश, आदिल, जिनेल और इरफान हैं। इन आरोपियों की उम्र २० से २७ साल के बीच है और सब नॉर्थ मुंबई में ही रहते हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी कमिशन लेकर अमेरिकी कंपनियों से टायअप कर आर्थिक मदद करने का झांसा देते थे। जांच अधिकारी रवि अडाने के अनुसार, इन सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ये आरोपी बोरीवली इलाके में कॉल सेंटर चलाते थे। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई कर वहां से दर्जनों इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों समेत विभिन्न प्रकार के दस्तावेज एवं फर्जी स्टाम्प पेपर्स और अन्य सामान बरामद किया है।

# मुंबई पुलिस ने एक ड्रग सप्लायर को पकड़ा

## बॉलीवुड कनेक्शन

**संवाददाता**

**मुंबई:** बॉलीवुड का ड्रग्स कनेक्शन लगातार सामने आ रहा है. कांदीवली पुलिस ने एक ऐसे ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है जो बॉलीवुड में म्यूजिक कंपोजर का काम सीख रहा है. पकड़े गए ड्रग्स सप्लायर का नाम शाहबाज शब्बीर शेख है.

कांदीवली पुलिस ने पकड़े गए म्यूजिक कंपोजर के पास २० ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है. फिलहाल कांदीवली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पकड़े गए म्यूजिक कंपोजर के साथ बॉलीवुड के और कितने लोग ड्रग्स सप्लाई करने में शामिल हैं. इसके साथ ही इसके ग्राहकों कौन-कौन लोग शामिल थे इसकी भी जांच हो रही है.

पुलिस निरीक्षक विजय कांदळगांवकर ने कहा, 'हमारे पुलिस कमिश्नर बलबीर सिंह ने हमें आदेश दिया था कि जो लोग भी ड्रग्स की सप्लाई के काम में लगे हैं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो. इसके लिए हम लगातार छापामारी कर रहे हैं. आज हमें सूचना मिली थी कि शाम के वक्त ड्रग्स की सप्लाई होने वाली है. पुलिस ने शाम के वक्त शाहबाज शब्बीर शेख नाम के व्यक्ति को ड्रग्स के साथ पकड़ा. उसके पास से २० ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई. उसके ऊपर एनडीपीए के तहत कार्रवाई की गई है.

पूछताछ में पता चला कि ये फिल्मों में म्यूजिक बनाने के काम से जुड़ा हुआ है. इससे और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है कि उसके साथ और कौन से लोग शामिल हैं. इस वक्त वो पुलिस हिरासत में है और पूछताछ हो रही है. आगे भी मुंबई पुलिस ड्रग्स के रैकेट को खत्म करने के लिए कार्रवाई करती रहेगी.'



## संपादकीय...

# मच्छरों से मुकाबला

यह सही है कि लोहा ही लोहे को काटता है और अमेरिका में अगर एक योजना सफल रही, तो मच्छर ही मच्छर को खत्म करेंगे। फ्लोरिडा के की-हेवन इलाके में साल 2020 से इस योजना को शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। एक निजी कंपनी विशेष प्रकार के जेनेटिकली मॉडिफायड अर्थात जैविक या आनुवंशिक रूप से संवर्द्धित मच्छर तैयार करेगी और ये मच्छर एक विशेष प्रजाति के खतरनाक मच्छरों को निशाना बनाएंगे। इसकी चर्चा तो काफी पहले से चल रही थी, लेकिन अब स्थानीय अधिकारियों ने इसे मंजूरी दे दी है। हमारे संसार में एडीज एजिप्टी नाम की एक मच्छर प्रजाति रहती है, जो मानव आबादी पर कहर ढाती रहती है। एडीज एजिप्टी प्रजाति के मच्छर डेंगू, जीका, चिकनगुनिया और येलो फीवर जैसी घातक बीमारियों के वाहक होते हैं। यदि प्रयोगशाला में मानव संवर्द्धित मच्छर अपने दुश्मन एडीज एजिप्टी को खत्म कर सके, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।

अमेरिका के फ्लोरिडा, टैक्सास इत्यादि प्रांतों में डेंगू का बड़ा प्रकोप रहा है। पिछले साल जनवरी से अक्तूबर के बीच अमेरिका में 27 लाख लोग डेंगू की चपेट में आए थे और 1,200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। दुनिया की बात करें, तो पिछले दो दशक में डेंगू मरीजों की संख्या में आठ गुना वृद्धि हुई है। अकेले 2019 में दुनिया में 42 लाख से अधिक लोग डेंगू पीड़ित हुए थे। कमोबेश यही स्थिति चिकनगुनिया और येलो फीवर की भी है। अमेरिका में ऐसे प्रकोप का बढ़ना जहां चिंता की बात है, वहीं 75 करोड़ संवर्द्धित मच्छर छोड़कर खतरनाक मच्छरों का अंत खोजने की कोशिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। फ्लोरिडा में आजमाया जा रहा यह पायलट प्रोजेक्ट अगर सफल रहा, तो इससे पूरी दुनिया फायदे में रहेगी। यदि यह प्रयोग कारगर रहा, तो ओएक्स 5034 नामक इन संवर्द्धित मच्छरों को कीटनाशक के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस पहल को अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी से भी हरी झंडी मिल गई है। लेकिन इससे जुड़े अनेक सवाल हैं, जो खुद अमेरिका में पूछे जा रहे हैं। क्या इन संवर्द्धित मच्छरों को पूरी तरह से परख लिया गया है? क्या ये मच्छर काटने का अपना प्राकृतिक स्वभाव छोड़ चुके हैं? क्या ये मच्छर इंसानों को नहीं काटेंगे? इंसानों को काटेंगे, तो फिर उन पर क्या असर होगा? कोई नई बीमारी तो नहीं फैलने लगेगी? जिस कंपनी को यह प्रयोग करने दिया जाएगा, वह कंपनी भी अपने मच्छरों की कारगरता को परखेगी। यह भी संभव है कि बड़े क्षेत्र में यह प्रयोग उतना उत्पादक सिद्ध न हो, लेकिन वैज्ञानिक तजुर्बा तो होगा। हम उन मच्छरों को काबू करने की दिशा में बढ़ेंगे, जो पूरी दुनिया में अपनी संख्या बढ़ाकर अनेक प्रकार की बीमारियों के वाहक बन रहे हैं।

हालांकि, पर्यावरण प्रेमी इसे प्रकृति से एक खिलवाड़ मान रहे हैं। किसी बीमारी की दवा या बचाव में नाकामी का अर्थ यह नहीं कि हम तरह-तरह के कीट-पतंगों के साथ प्रयोग करने लगें। अगर कई लोग इसे बीमारी से लड़ने का सही तरीका नहीं मान रहे, तो चकित होने की कोई बात नहीं। इससे उन वैज्ञानिकों को ऊर्जा मिलनी चाहिए, जो इस प्रयोग को मानवीय रूप में सफल बनाने में जुटे हैं। कोई भी ऐसा प्रयोग, जो इंसानों के हित में हो, साथ ही, प्रकृति को न्यूनतम नुकसान और अधिकतम फायदा पहुंचाता हो, उससे हमें उम्मीद रखनी चाहिए।

**अहमद शेख (कार्यकारी संपादक)**

# लड़ाई अभी बाकी है




इंडियन मेडिकल कौंसिल ऑफ रिसर्च यानी आईसीएमआर ने कोविड-19 से जुडे.जो आंकड़े कल जारी किए हैं, वे काफी सकारात्मक संकेत देते हैं। यह ठीक है कि देश में कोराना संक्रमितों की संख्या लगभग 32 लाख हो चुकी है और इससे मरने वालों की तादाद अब 60 हजार के करीब पहुंच रही है, मगर ताजा आंकडे.बता रहे हैं कि ठीक होने वालों की दर बढ़कर 75 फीसदी से ऊपर हो गई है और मृत्यु-दर दो प्रतिशत से नीचे आ चुकी है। बल्कि एक्टिव मामलों से तीन गुना ज्यादा लोग अब इस वायरस को मात देकर बाहर निकल चुके हैं। निस्संदेह, इसके पीछे एक बड़ी वजह जांच की बढ़ी संख्या है। शुरूआत से ही तमाम विशेषज्ञों की यह राय थी कि ज्यादा से ज्यादा जांच ही इस महामारी में प्रभावी फर्क डाल सकती है। आईसीएमआर के आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक तीन करोड़, साठ लाख से अधिक जांच हो चुकी है और अब रोजाना लगभग दस लाख लोगों की जांच की जा रही है।

हाल के दिनों में सुधरते आंकड़ों का एक बड़ा असर यह पड़ा है कि लोगों के भीतर हालात के तेजी से सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। दो माह पहले जो एक किस्म की बदहवासी या बेबसी दिख रही थी, वह अब लोगों के जेहन से उतर रही है। राजधानी दिल्ली में तो हजारों लोग होम क्वारंटीन में ही वायरस की गिरफ्त से बाहर आ चुके हैं। दिल्ली के दूसरे सीरो सर्वे के आंकडे.इसकी तस्दीक करते हैं। यहां के 29 फीसदी से अधिक लोगों में एंटीबॉडी विकसित हो चुकी है। यही कारण है कि कोरोना के शुरूआती शिकार बने महानगरों में लोग अब कुछ एहतियात के साथ बाहर निकलने लगे हैं। कुछ राज्य सरकारों ने भी अपने यहां लगी पाबंदियां उठा ली हैं। कर्नाटक ने जहां दूसरे राज्यों से आवाजाही को लेकर जारी तमाम शर्तों को हटा लिया है, तो वहीं दिल्ली सरकार ने केंद्र से अपील की है कि कुछ एहतियात के साथ 1 सितंबर से मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की इजाजत दी जाए। इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली की लाइफ लाइन मेट्रो की शुरूआत यहां के लोगों के मनोविज्ञान पर काफी सकारात्मक असर डालेगी। लेकिन इन पुरउम्मीद एहसासों के बीच हम इस तथ्य को नजरंदाज नहीं कर सकते कि अब भी रोजाना 60 हजार से अधिक लोग देश में इस वायरस की गिरफ्त में आ रहे हैं और हमारे सबसे बडे.व सघन आबादी वाले उत्तरी राज्यों में जांच की रफ्तार उम्मीद के मुताबिक नहीं है। इस वायरस की डब्ल्यूएचओ से अनुमोदित किसी वैक्सीन के आने में अभी वक्त है। ऐसे में, हमें अभी बचाव के उपायों से ही इसे काबू में करना है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि संक्रमण अब छोटे कस्बों और गांवों तक पसर चुका है, जबकि आने वाले महीने बडे.त्योहारों के हैं। तमाम सरकारी इमदादों के बावजूद लोग आर्थिक दबाव में हैं, ऐसे में त्योहारी सीजन में उनकी गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। वैसी स्थिति में संक्रमण की आशंकाएं भी अधिक होंगी। फिर इस महामारी को लेकर एक चिंताजनक खबर यह भी आ रही है कि हांगकांग में एक ठीक हो चुका मरीज दोबारा इसकी गिरफ्त में आ गया है। इसलिए अभी काफी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शासन-प्रशासन के स्तर पर भी और समाज के स्तर पर भी, वरना अब तक के सारे परिश्रम, कोरोना वॉरियर्स की सारी बेमिसाल कुर्बानियां जाया हो जाएंगी।

# फिर आंदोलित किसान

संसद से पारित कृषि विधेयकों के खिलाफ आंदोलित पंजाब के किसानों के निशाने पर कल से ही रेल सेवाएं आ गई हैं, इसके पहले उन्होंने अनेक जगहों पर राजमार्गों को जाम कर दिया था। धीरे-धीरे इस आंदोलन को देश भर में फैलाने की तैयारियां हो रही हैं। दक्षिण भारत में भी कई जगहों पर किसान सड़कों पर उतर रहे हैं। रेलवे ने फिलहाल शनिवार तक पंजाब की अपनी तमाम सेवाओं को रद्द कर दिया है। यह विडंबना ही है कि लॉकडाउन हटने के बाद अभी यातायात सुविधाएं पूरी तरह से पटरी पर लौट भी नहीं पाई थीं कि अब किसानों के आंदोलन के कारण उनमें रुकावटें खड़ी हो गई हैं। हमारे देश में यह एक परिपाटी सी बन गई है कि जब तक आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त न कर दिया जाए, तब तक सरकारें किसी विरोध का संज्ञान नहीं लेतीं। चाहे किसानों का आंदोलन हो या नौकरियों में आरक्षण का, हर बार यही नजारा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह प्रवृत्ति ज्यादा ही देखने को मिलती है। राजधानी के करीब होने के कारण ये आंदोलन मीडिया का ध्यान खींचने में सफल हो जाते हैं और फिर सरकार पर दबाव बढ़ जाता है।

इस पूरे प्रकरण में मंडी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की चिंता बड़े मुद्दे के तौर पर उभरी है। कई सारे किसानों को यह भय सता रहा है कि यदि मंडियां टूटीं, तो देर-सवेर एमएसपी की गारंटी भी उनके हाथ से निकल जाएगी। हालांकि, किसानों की इस चिंता को महसूस करते हुए केंद्र सरकार, बल्कि खुद प्रधानमंत्री ने आगे आकर यह आश्वासन दिया है कि सरकारी खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था जारी रहेगी। इसके बावजूद किसान आंदोलन का विस्तार बताता है कि उन्हें आश्वासन से अधिक चाहिए। किसानों की चिंता को खुद सरकार के सहयोगी दलों के रवैये ने गहरा किया है, और इससे विपक्ष के आरोपों को बल मिल गया है कि सरकार ने एमएसपी को नए कानून का हिस्सा न बनाकर किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। भाजपा की दशकों पुरानी सहयोगी पार्टी अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल ने पहले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और अब विधेयक पारित होने के बाद जद-यू ने भी किसानों की एमएसपी से कम पर खरीद को दंडनीय बनाने की मांग का समर्थन कर दिया है।

किसानों की भलाई के लिए जब नए कानून बनाए जा रहे हैं, तब आदर्श स्थिति तो यही थी कि इनका व्यापक रूप से स्वागत किया जाता, लेकिन इनके विरोध में किसानों का एक हिस्सा भी यदि सड़क पर उतर आया है, तो साफ है कि सरकार उन तक अपनी बात पहुंचाने में नाकाम रही। अव्वल तो इन विधेयकों को पारित कराने के दौरान पैदा हुए विवाद ने देश भर में गलत संदेश भेजा और फिर सरकार ने नाराज किसान संगठनों से संवाद की पहल भी नहीं की।

# कोरोना वैक्सीन कब तक आएगी भारत में किसे लगेगा पहला टीका, जानिए सबकुछ

**नई दिल्ली :** कोरोना वायरस महामारी से जूझ रही दुनिया को वैक्सीन का ही सहारा है। कोविड के 150 से भी ज्यादा टीकों पर दुनियाभर में रिसर्च और ट्रायल हो रहे हैं। अभी तक किसी भी वैक्सीन को ग्लोबल यूज के लिए अप्रूव नहीं किया गया है। केवल रूस ने एक वैक्सीन रस्त्र४३ल्ल्र' श को अगस्त में मंजूरी दी थी जिसके बड़े पैमाने पर फेज-3 ट्रायल के नतीजों का दुनिया इंतजार कर रही है। भारत में भी कोविड के तीन टीकों का फेज 2/3 ट्रायल चल रहा है। इनमें से दो वैक्सीन भारतीय वैज्ञानिकों ने ही डेवलप की हैं। कोविड टीका कब तक आएगा, किसको पहली डोज मिलेगी, ये सब सवाल हैं जिनके जवाब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन रविवार को देंगे। 'संडे संवाद' कार्यक्रम में हर्षवर्धन भारत का कोविड वैक्सीन प्लान सामने रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने 28 सितंबर को कोविड-19 वैक्सीन पोर्टल लॉन्च किया था। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने यह पोर्टल बनाया है। इसपर लोगों को भारत में कोविड-19 वैक्सीन से जुड़ी जानकारी दिखेगी। धीरे-धीरे अलग-अलग बीमारियों की वैक्सीन से जुड़ा सारा डेटा यहां पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। आप देख पाएंगे कि कौन सी वैक्सीन ट्रायल के किस स्टेज में है और उसके पहले के नतीजे क्या रहे हैं। क्ळटफने यह पोर्टल भारत में होने वाली सभी वैक्सीन डेवलपमेंट्स से जुड़ी सारी जानकारी को एक जगह जुटाने के लिए बनाया है।

देश में वैक्सीन कैंडिडेट्स बनाने के अलावा सरकार दूसरे देशों में जारी वैक्सीन ट्रायल पर भी नजर रखे हुए है। प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार के. वियजराघवन की अगुवाई में एक टीम कोविड टीकों की लेकर सारी अपडेट्स देखती है। इस टीम ने कई फार्मा कंपनियों से बात कर वैक्सीन प्रॉडक्शन की उनकी क्षमता और तैयारी परखी है। कोशिश ये है कि जैसे ही किसी वैक्सीन को ग्लोबल यूज की मंजूरी मिलती है, उसे भारत ले आया जाए। इसके लिए विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में हैं।

## दिल्ली दंगा मामले में गिरफ्तार उमर खालिद को कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली :** दिल्ली दंगा मामले में गिरफ्तार किए गए जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को सोमवार को दिल्ली की कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. उमर खालिद को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार रात को गिरफ्तार किया था. उमर खालिद का नाम दिल्ली दंगों की लगभग हर चार्जशीट में है.

दिल्ली पुलिस ने ट्रम्प के आने के पहले उसके भाषण और दिल्ली में आरोपियों के साथ हुई बातचीत के कॉल रिकार्ड,आरोपियों के साथ मीटिंग और आरोपियों के बयानों में उसे साजिशकर्ता बताते हुए गिरफ्तार किया है. अब साजिश को लेकर स्पेशल सेल 17 सितम्बर को जो चार्जशीट पेश करने वाली है उसमें उमर खालिद की पूरी भूमिका के बारे में बताया गया है. उसकी यूएपीए के मामले में गिरफ्तारी हुई है.

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जाफराबाद में हुई हिंसा के मामले में ऋक्षफ्ठङ्क. 50/20 में देवांगना कलिता,नताशा नरवाल ,गुलफिशा फातिमा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है. चार्जशीट में इन लोगों को आरोपी बनाया गया है. लेकिन इन्होंने अपने बयान में प्रोफेसर अपूर्वानंद ,योगेंद्र यादव ,सीताराम येचुरी, डॉक्यूमेंट्री फिल्मकार राहुल रॉय ,इकोनॉमिस्ट जयती घोष,एमएलए मतीन अहमद ,अमानतुल्लाह खान,उमर खालिद का नाम भी लिया है. दिल्ली पुलिस को दिए गए बयान के मुताबिक दंगों में इनकी भूमिका है. दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में इन्हें आरोपी तो नहीं बनाया है लेकिन इनकी भूमिका की जांच चल रही है. हालांकि जिन लोगों के सीआरपीसी 161 में बयान दर्ज किए गए हैं उन्होंने अपने बयान में हस्ताक्षर नहीं किये हैं. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इस मामले में बड़ी साजिश की जांच कर रही है. लेकिन स्पेशल सेल ने दंगों की साजिश को लेकर अब तक कोई चार्जशीट दायर नहीं की है.

## आम लोगों के लिए लोकल चलाने का फैसला राज्य सरकार का : रेलमंत्री



**मुंबई.** आम मुंबईकरों के लिए लोकल चलने का इंतजार और बढ़ने वाला है. अत्यावश्यक कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही विशेष लोकल में सभी को यात्रा की इजाजत दिए जाने के मामले में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया है कि इस बारे में राज्य सरकार के पास से प्रस्ताव आने पर ही विचार किया जा सकता है. शनिवार को मुंबई के वाई वी चौहान सेंटर में किसान बिल पर आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में पीयूष गोयल बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए लोकल ट्रेन शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है. पीयूष गोयल ने कहा कि लोकल सहित अन्य यात्री गाड़ियाँ न चलने से रेलवे को काफी नुकसान हो रहा है, परंतु लोगों की सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है. रेल मंत्री ने कहा कि जो लोकल चल रही है, वह भी खाली ही है.

केंद्रीय रेल मंत्री गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सलाह पर रेलवे के 5 हजार कोच को आइसोलेशन कोच में तब्दील किया गया, ताकि कोरोना की आपातकालीन परिस्थितियों में उसका उपयोग किया जा सके. याद रहे कि इन कोचों के इस्तेमाल की नौबत नहीं आई. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है. रेलवे, वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि संसद में पारित फार्म कानून ने देश के किसानों को अपनी उपज की बिक्री के संबंध में दशकों पुराने बंधन से मुक्त कर दिया है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कृषि बजट 1 लाख 34 हजार करोड़ तक बढ़ा दिया है. इनमें 75 हजार करोड़ सीधे किसानों के खाते में चले गए हैं.

## बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई.** म्हाडा की सेस इमारत के पुनर्निर्माण करते समय म्हाडा के हिस्से की लगभग 500 वर्ग मीटर जमीन हड़पने वाले बिल्डर के खिलाफ म्हाडा ने एफआईआर दर्ज कराई है. रिपेयर बोर्ड के चेयरमैन विनोद घोसालकर ने बताया कि सुमेर नगर में डेवलपर बाफना को म्हाडा की इमारत डेवलप करने के लिए दिया गया था. लेकिन इमारत बनाने के बाद म्हाडा के हिस्से की 500 वर्ग मीटर जगह कम देकर हड़प लिया गया था.





**नापजोख नहीं किए जाने से यह घोटाला हुआ**

मुंबई की सेस इमारतों को डेवलप करने पर डेवलपर की तरफ से प्रीमियम अथवा हाउसिंग स्टॉक दिया जाता है. भायखला के सुमेर नगर में बिल्डर बाफना ने वर्ष 2013 में इमारत का निर्माण कर म्हाडा को 112 फ्लैट दिया था जिसमें फ्लावर बेड सहित कुल कारपेट क्षेत्र शामिल हैं. लेकिन बिल्डर की तरफ से म्हाडा को जगह सौंपते समय म्हाडा अधिकारियों की तरफ से जगह की नापजोख नहीं किए जाने से यह घोटाला हुआ. इस घोटाले की जानकारी मिलने पर रिपेयर बोर्ड के चेयरमैन विनोद घोसालकर के आदेश पर बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है.

मुंबई की सेस इमारतों में जहां भी इस तरह की अनियमितता बरती गई होगी सबकी जांच कर संबंधित बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी. एक मामले के खुलासे से शक पैदा हुआ है कि दूसरी जगहों पर भी इस तरह म्हाडा की जगह हथियाने का प्रयास किया गया होगा.

## केईएम में 3 लोगों को कोविड वैक्सीन

**मुंबई.** मनपा के केईएम अस्पताल में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित कोविड-19 वैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल शुरू हो गया है. शनिवार को 3 वालंटियर्स के शरीर में इंजेक्शन के माध्यम से वैक्सीन दी गई. इन वालंटियर्स की उम्र 20 से 45 साल के बीच बताई जा रही है. लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कोविड शील्ड वैक्सीन के फेज-2 और 3 की शुरूआत मुंबई में हो गई. शनिवार दोपहर में 3 लोगों को वैक्सीन दी गई.



केईएम के डीन डॉ. हेमंत देशमुख ने कहा कि इस ट्रायल में वही लोग भाग ले सकते हैं जो कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हुए हैं. हमने तीनों वालंटियर्स की आरटीपीसीआर और एंटीबॉडी टेस्ट की.उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई, जिसके बाद उन्हें वैक्सीन देने का निर्णय लिया गया. वैक्सीन देने के बाद हमने उन्हें एक घंटे तक ऑब्जरवेशन में रखा, उसके बाद उन्हें घर जाने दिया. ट्रायल में हम वैक्सीन की सेफ्टी पर अध्ययन करेंगे क्या किसी को कोई साइड इफेक्ट हो रहा है? बुखार, जी मचलना, सिर चकराना और क्या इंजेक्शन लगाई गई जगह पर सूजन आती है या नहीं, इस पर नजर बनाए रखेंगे. हमने 20 और वालंटियर्स की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली, उन्हें भी अब वैक्सीन दी जाएगी.

ट्रायल में शामिल होने वाले प्रत्येक वालंटियर्स का 1 करोड़ रुपए का बीमा निकाला गया.डॉ. देशमुख ने कहा कि दुर्भाग्यवश ट्रायल के दौरान यदि दवाई के साइड इफेक्ट से किसी वालंटियर्स की मौत होती है तो उसके लिए बीमा का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा 50 लाख रुपए का मेडिकल इन्शुरन्स भी निकाला गया है.

**वालंटियर्स की आइडेंटिटी पर चुप्पी**

सूत्रों की माने तो वैक्सीन लेने वाले तीन में से दो लोग व्यापारी हैं और एक रिसर्चर है. वैसे तो मीडिया में वैक्सीन लेने वालों की इंटरव्यू अखबारों और न्यूज चैनल में देखने को मिलती है, लेकिन बीएमसी ने ट्रायल में शामिल हो रहे वालंटियर्स की पहचान को गुप्त रखने का निर्णय लिया है. मनपा के अतिरिक्त आयुक्त सुरेश काकानी ने कहा कि वालंटियर्स की पहचान उजागर करना अध्ययन की नैतिकता की दृष्टिकोण से अवैध माना जाता है. इससे ट्रायल में बाधा आ सकती है इसलिए हमने पहचान गुप्त रखी है.

**नायर में सोमवार से शुरू होगा ट्रायल**

मनपा के नायर अस्पताल में भी सोमवार से कोरोना वैक्सीन देने का कार्य शुरू हो जाएगा. अस्पताल के डीन डॉ. रमेश भारमल ने कहा कि सोमवार को अस्पताल द्वारा 3 महिलाओं को कोविड वैक्सीन का टीका दिया जाएगा.

# राजस्थान में भू-माफिया ने 50 वर्षीय मंदिर के पुजारी को किया आग के हवाले



**जयपुर:** एक चौंकाने वाली घटना फिर सामने आई है जहां राजस्थान के करौली जिले के सपोटरा क्षेत्र में गुरुवार को एक 50 वर्षीय मंदिर के पुजारी को आग लगा दी गई। माना जा रहा है कि छह हमलावर भू-माफियाओं ने उस पर मिट्टी का तेल और पेट्रोल डाला और उसे आग लगा दी। पुजारी ने बाद में सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में अपनी गंभीर जले चोटों के कारण दम तोड़ दिया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पुजारी पर हमला करने वाले छह हमलावर थे।

पुजारी पर तब हमला किया गया जब उसने भू-माफिया द्वारा मंदिर से संबंधित भूमि का अतिक्रमण करने को रोकने का प्रयास किया। खबरों के अनुसार, मंदिर के अधिकारियों द्वारा भूमि का कुछ हिस्सा पुजारी को उपहार में दिया गया था और वह भूखंड पर एक घर का निर्माण कर रहा था। पुजारी को हमले में 50 प्रतिशत जल चुका था। ताजा घटना ने राजस्थान में खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर किया है, जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास गृह विभाग भी है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा है, सपोटरा में बाबूलाल वैष्णव जी की हत्या अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है, सभ्य समाज में ऐसे कृत्य का कोई स्थान नहीं है। प्रदेश सरकार इस दुखद समय में शोकाकुल परिजनों के साथ है। घटना के प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं कार्रवाई जारी है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वसुंधरा ने भी घटना की निंदा की और कहा, ह्वकरौली जिले के सपोटरा में मंदिर के पुजारी को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार देने के मामले की जितनी निंदा की जाए, जितना दुःख जताया जाए, कम है।

# दस दिन में चार हत्याओं से सहमे नागरिक,अपराधियों के बुलंद हौसले से पुलिस विभाग सवालों के घेरे में



**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे शहर के कोंढवा इलाके में बीते 10 दिनों में तीन हत्याओं के होने से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। हत्यारों ने एक 24 वर्षीय युवक को पत्थरों से पीट-पीटकर मार डाला। पुणे शहर में बीते 10 दिनों में यह चौथा हत्याकांड है। 24 साल के विट्ठल रामदास धांडे की पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह हत्या पैसों के लेनदेन की वजह से उपजे विवाद के कारण हुई है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुणे शहर में एक के बाद एक दस दिनों में 4 लोगों की हत्या के बाद से शहर के लोगों के मन में डर और गुस्सा है। साथ ही पुलिस विभाग पर भी सवालिया निशान उठने शुरू हो चुके हैं। खराडी इलाके में ही कुछ दिन पहले एक कुख्यात गुंडे की भी इसी प्रकार से पत्थरों से मार मार कर हत्या कर दी गई थी। इस अपराधी का नाम शैलेश गाडगे था जिसे एक खाली मैदान में मौत के घाट उतारा गया। शैलेश के ऊपर पुणे शहर के पुलिस थानों में कई मामले दर्ज थे यह घटना सोमवार की सुबह अंजाम दी गई थी।

अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास में ही कुछ दिन पहले फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। गोलीबारी की यह घटना एसबीआई ट्रेजरी ऑफिस के सामने हुई थी।

# इंदौर / दहजे प्रताड़ना का मामला दर्ज




**इंदौर :** साईंकृपा कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय डॉक्टर दीपिका ओबेराय की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति हर्षकरण सिंह (सीए) निवासी मॉल एवेन्यू आवास कॉलोनी लखनऊ, सास नरेंद्रजीत कौर, ननद अमरदीप कौर, परवीन ग्रोवर (शिक्षक), भवदीप ( शिक्षक) और ननदोई राजऋषि के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। टीआइ ज्योति शर्मा के मुताबिक, दीपिका की शादी जुलाई 2017 में हुई थी। दीपिका ने बताया कि सगाई में स्वजन ने 10 तोला सोना व पांच लाख रुपये नकद दिए थे।

# शिमला स्थित अपने घर में फंदे से झूलते पाए गए CBI डायरेक्टर अश्विनी कुमार

**शिमला :** मणिपुर और नगालैंड के पूर्व राज्यपाल और सीबीआई के पूर्व निदेशक अश्विनी कुमार का बुधवार को निधन हो गया। 70 वर्षीय अश्विनी कुमार शिमला के अपने घर में फांसी के फंदे पर झूलते पाए गए हैं। एसपी शिमला मोहित चावला ने इसकी पुष्टि की है।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अश्विनी ने आत्महत्या की है। उनके घर से सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि उनके ऐसा कदम उठाने के पीछे वजह क्या रही, इसका पता नहीं चल पाया है। हिमाचल के सिरमौर निवासी अश्विनी कुमार 1973 बैच के आईपीएस ऑफिसर थे। हिमाचल प्रदेश के डीजीपी, सीबीआई के डायरेक्टर समेत कई पदों पर उन्होंने काबिलियत का लोहा मनवाया। अश्विनी ने साल 2006 में हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीजीपी का चार्ज लेने के बाद यहां कई सुधार किए। हिमाचल पुलिस के डिजिटलीकरण और थाना स्तर पर कम्प्यूटर के उपयोग की शुरूआत उन्होंने ही करवाई। उन्हीं के कार्यकाल में शिकायतों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जैसी व्यवस्था शुरू हुई, जिससे दूर-दराज के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों को थाने की दौड़ लगाने से निजात मिली।



अश्विनी कुमार को जुलाई 2008 में सीबीआई डायरेक्टर बनाया गया। अश्विनी सीबीआई डायरेक्टर बनने वाले हिमाचल प्रदेश के पहले पुलिस अफसर थे। मई 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने उन्हें पहले नगालैंड का गवर्नर बनाया और फिर जुलाई 2013 में ही उन्हें मणिपुर का गवर्नर भी बना दिया।

# पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ BJP कार्यकर्ता सड़कों पर, लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़े गए



**पश्चिम बंगाल :** पश्चिम बंगाल में इस समय इखढ की राजनीती अपने चरम पर है। आज इसके कार्यकताओं की हत्या के खिलाफ पार्टी सड़कों पर उतर आई है। जिसके चलते अब राजधानी कोलकाता में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। इन सब प्रदर्शनों के चलते विद्यागसागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को पूरी तरह से बंद किया गया है। वहीं प्रदर्शन कर रहे बीजेपी कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया है और साथ ही वाटर कैनन का भी इस्तेमाल हुआ है ताकि प्रदर्शनकारियों को तितर बितर किया जा सके।

वहीं बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार बुरी तरह भयभीत है। इसीके चलते वह लोगों के विरोध के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों को भी अब यह नकार रही है। राज्य सचिवालय बंद है। जहां तक मोदी जी या इखढ की बात है तो हमें TMC या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से किसी भी प्रमाणपत्र की आवश्यकता कटाई नहीं है ।

इसी के साथ कैलाश विजयवर्गीय का यह भी कहना था कि, कहाँ लोकसभा चुनाव के दौरान ममता बनर्जी कह रही थी कि हमें जीरो मिलेगा, लेकिन हमें यहाँ 18 सीटें मिलीं। यही नहीं हम आने वाले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से भी जीतेंगे। हाँ, आज का विरोध शांतिपूर्ण होगा और हम इसे सुनिश्चित भी करेंगे। गौरतलब है कि BJP के नबन्ना की ओर मार्चह्व के दौरान हावड़ा के संतरागाछी में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने आज पानी की बौछारों और आंसू गैस का इस्तेमाल किया है। इसके पहले इन प्रदर्शनों को देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने सचिवालय नाबन्ना को दो दिनों के लिए बंद करने का फैसला किया था। वहीं अब हावड़ा में स्थित इस सचिवालय में 8 अक्टूबर और 9 अक्टूबर को सैनिटाइजेशन किया जाएगा। जिसके चलते दो दिनों के लिए यहां के कामकाज बंद रहेगा। बता दें कि नाबन्ना के आसपास वैसे ही धारा-144 लागू रहती है लेकिन अब BJP के प्रदर्शन को देखते हुए यहाँ की प्रशासन और भी सतर्क हो गया है। वहीं BJP की रैली सचिवालय तक न पहुंचे इसके लिए नाबन्ना की ओर आ रहे सभी रास्तों पर 5 डीआईजी स्तर के अधिकारी भी तैनात हैं। फिलहाल BJPका यह प्रदर्शन खबर लिखे जाने तक अपने चरम पर है।

# किसान आंदोलन पर बरसे विधायक

**नवापारा-राजिम :** भाजपा के किसान आंदोलन पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ प्रदेश को बीते 15 वर्षों से सत्ता संभाले पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के कार्यकाल में किसान विरोधी नीति व फैसलों के चलते हर साल हजारों किसानों ने आत्महत्या की थी और अब वे किस मुंह से किसानों से धान खरीदी के विषय में मांग कर रहे हैं।

# पिता ने किया 10 माह की बेटी का बलात्कार मर गई तो गूगल पर ढूंढने लगा इलाज



अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के एक पिता ने अपनी ही 10 माह की बेटी का पहले बलात्कार किया और जब बच्ची की मौत हो गई तो गूगल पर ये उसकी सांस वापस लाने के लिए सर्च किया। इसके अलावा उसने सोशल मीडिया पर दोस्तों से बात भी की। हालांकि उसने उसके बावजूद अस्पताल को या इमरजेंसी सेवा को फोन नहीं किया। पुलिस ने शख्स का फोन सीज कर लिया है। आरोपी ने घटना के बाद सोशल मीडिया पर बेटी का जिक्र किए बिना दो महिलाओं से बात भी की। बाद में इमरजेंसी सेवा भी बच्ची को नहीं बचा सकी। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अपार्टमेंट में खोज बीन के दौरान पुलिस को खून से लथपथ डाइपर मिला। जांच में बच्ची के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है और उसके जननांग में गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा बच्ची के सिर पर भी चोट आई है।

दुनियाभर में रेप की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इधर,भारत की बात करें तो हाथरस में युवती से गैंगरेप का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब हरियाणा के गुरुग्राम से महिला से हैवानियत की घटना सामने आई है। चार युवकों ने महिला से गैंगरेप किया इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की। चारों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शहर के पॉश इलाके के डीएलएफ फेज-2 में एक 32 वर्षीय महिला से चार युवकों ने गैंगरेप किया। गैंगरेप के बाद महिला को युवकों ने बेतरतीब तरीके से पीटा। पिटाई से महिला बुरी तरह घायल हो गई। पीड़िता के सर में गंभीर चोट के चलते पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसे उसे दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। चारों युवक स्विगी और जमेटों में डिलीवरी ब्वॉय का काम करने वाले बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी होते ही गुरुग्राम पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# मेक्सिको में कोरोना संक्रमितों की संख्या पहुंची 8,00,000 के पार



मेक्सिको में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के 5,300 नये मामले मामले दर्ज किये गये और संक्रमितों की संख्या बढ़कर आठ लाख के पार पहुंच गयी। मेक्सिको में इस जानलेवा विषाणु से अब तक 8,04, 488 लोग संक्रमित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी केंद्र के निदेशक जोस लुइस अलोमिया ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, ह्वदेश में आज तक कोविड-19 के 8,04,488 मामलों की पुष्टि हुयी है। इधर, भारत में कोरोना की रफ्तार धीमी पड़ती दिख रही है। पिछले कुछ दिनों से न सिर्फ कोरोना वायरस के नए मामलों में कमी देखने को मिल रही है, बल्कि इस महामारी को मात देने वालों की संख्या में भी बड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। सितंबर में जिस तरह से कोरोना का सितम देखने को मिला, अक्टूबर इस मामले में सुकून देने वाला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों की मानें तो बीते कुछ सप्ताह से देश में जितने कोरोना के नए केस मिल रहे हैं, उससे अधिक मरीज ठीक हो जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले लगातार तीन सप्ताह से कोरोना वायरस से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या, कोरोना के नए मामलों से अधिक है। यानी पिछले लगातार तीन सप्ताह से कोरोना से संक्रमित होने वालों से अधिक महामारी से ठीक होने वालों का आंकड़ा सामने आ रहा है। इस दौरान कोरोना के नए केसों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है।

# ट्रंप की हैरिस पर की गई टिप्पणी निंदनीय,राष्ट्रपति पद की गरिमा के खिलाफः बाइडेन

**अमेरिका :** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने उनकी पार्टी की उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पर की गई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणी को "निंदनीय और "राष्ट्रपति पद की गरिमा के खिलाफ बताया।

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक पेंस के बीच बुधवार को आधिकारिक बहस हुई थी, जिसमें ट्रम्प के कोविड-19 स्थिति से निपटने, नौकरी, चीन, नस्लीय तनाव और जलवायु परिवर्तन जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद ट्रम्प ने गुरुवार को 'फ ॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर बाइडेन तीन नवम्बर को चुनाव जीत गए तो एक महीने के अंदर हैरिस उनकी जगह राष्ट्रपति बन जाएंगी।

उन्होंने कहा था, " वह कम्युनिस्ट हैं। वह समाजवादी नहीं हैं। आप उनकी सोच देखिए। वह हत्यारों और बलात्कारियों के लिए देश की सीमा खोलनी चाहती हैं। ट्रम्प की इस टिप्पणी के कुछ घंटे बाद बाइडेन ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिकी लोग उनकी इन बातों से थक गए हैं।

बाइडेन ने एरिजोना में पत्रकारों से कहा, " यह निंदनीय है, राष्ट्रपति पद की गरिमा के खिलाफ है और अमेरिकी लोग अब इन बातों से परेशान हो गए हैं। उन्हें पता है कि यह शख्स कैसा है और इसे रोकना होगा। इस दौरान हैरिस भी बाइडेन के साथ मौजूद थी।

# पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को विमान संबंधी जानकारी देने के आरोप में एचएएल कर्मी गिरफ्तार



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को भारतीय लड़ाकू विमान संबंधी जानकारी मुहैया कराने के मामले में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एक कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी महाराष्ट्र पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि व्यक्ति भारतीय लड़ाकू विमान और उसकी विनिर्माण इकाई के संबंध में गोपनीय जानकारी आईएसआई को दे रहा था। बयान में कहा गया कि राज्य आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की नासिक इकाई को व्यक्ति के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी जो आईएसआई के लगातार संपर्क में था। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति भारतीय लड़ाकू विमान के बारे में गोपनीय सूचना और उसकी संवेदनशील विस्तृत जानकारी के अलावा नासिक के पास ओझर स्थित एचएएल विमान विनिर्माण इकाई, एयरबेस और विनिर्माण इकाई में प्रतिबंधित क्षेत्र संबंधी जानकारी मुहैया करा रहा था।

एक अधिकारी ने बताया कि 41 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ शासकीय गोपनीयता कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि नासिक एटीएस इकाई के अधिकारियों ने व्यक्ति को नासिक स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके कब्जे से पांच सिम कार्ड के साथ ही तीन मोबाइल फोन और दो मेमोरी कार्ड जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फोन और सिम कार्ड को जांच के लिए फोरेंसिक साइंस प्रयोगशाला भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया और उसे 10 दिन के लिए एटीएस की हिरासत में भेज दिया गया।

# गोल्डन वीक की छुट्टी पर चीनी पर्यटकों ने दिल खोलकर किया खर्च, 63.7 करोड़ लोगों ने की खूब यात्राएं



63.7 करोड़ चीनी पर्यटकों ने आठ दिवसीय गोल्डन वीक की छुट्टी के दौरान घरेलू यात्राएं कीं और एक समय में दसियों अरब डॉलर के बराबर खर्च किया। वह भी तब जब चीन अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। चीन के संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 1 अक्टूबर से शुरू हुई छुट्टियों में चीन की 45% से अधिक आबादी ने देश के भीतर यात्राएं कीं और 466.6 बिलियन युआन (69.5 बिलियन डॉलर) खर्च किए।

हालांकि पिछले साल के गोल्डन वीक की तुलना में इस बार घरेलू पर्यटकों में 21% और खर्च में 30% की गिरावट देखी गई। साल के शुरू में कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए फिर भी यह संख्या उत्साहजनक है। जनवरी में नव वर्ष के साथ ही वुहान से निकले कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए चीन ने यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। मई में पांच दिवसीय श्रम दिवस की छुट्टी के दौरान घरेलू पर्यटन राजस्व पिछले वर्ष से लगभग 60% कम था। पीडब्ल्यूसी के चाइना उपभोक्ता बाजार की लीडर जेनिफर ये ने कहा, ₹महामारी नियंत्रण, सरकार समर्थक खपत नीतियों और व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने की अपेक्षा तेजी से नियंत्रण के कारण चीनी उपभोक्ताओं का विश्वास काफी हद तक बढ़ गया है।₹ उन्होंने कहा कि गोल्डन वीक टूरिज्म और खर्च के आंकड़े घरेलू खपत को अच्छी तरह से रिकवर कर लिया है। खासकर जब उपभोक्ता पिछले महीनों के लिए ₹ीपील्ली़ु४८ल्लॅ₹ में लगे हुए थे, जब वे यात्रा करने में असमर्थ थे।

# तृतीय वर्ष बी.कॉम की परीक्षा 9 और 14 अक्टूबर को पुनः

**मुंबई.** मुंबई यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस एंड ओपन लर्निंग इंस्टीट्यूट (आइडल) के तृतीय वर्ष की परीक्षा शनिवार से ही शुरू हो गई है. तकनीकी अड़चन के कारण कुछ विद्यार्थियों को परीक्षा की लिंक और हॉल टिकट तक नहीं मिली. ऐसे में परीक्षा से चूके विद्यार्थियों के लिए पुनःपरीक्षा का निर्णय यूनिवर्सिटी ने लिया है.

तृतीय वर्ष बी कॉम की परीक्षा देने में असमर्थ विद्यार्थियों की परीक्षा अब 9 अक्टूबर को ली जाएगी. जबकि तृतीय वर्ष बीए की परीक्षा 14 अक्टूबर को ली जाएगी. गौरतलब है कि कोरोना महामारी के कारण इस बार मुंबई यूनिवर्सिटी और उससे संलग्न कॉलेज अंतिम वर्ष की परीक्षा ऑनलाइन ले रहे हैं, लेकिन तकनीकी अड़चनों के जरण कुछ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए और परेशान रहे. ऐसे में विद्यार्थियों के हित को देखते हुए पुनःपरीक्षा का आयोजन किया गया है.

# मोबाइल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 11 मोबाइल फोन बरामद

**भिवंडी.** भोईवाडा पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र स्थित मोबाइल शॉप से चोरी हुए मोबाइल मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए चोर को गिरफ्तार किया है. चोर के पास से पुलिस टीम ने 11 मोबाइल बरामद किये हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोईवाडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र स्थित मोबाइल शॉप से मोबाइल फोन की चोरी का मामला पुलिस ने दर्ज किया था.

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के उपरांत मुखबिर की सूचना पर समद नगर निवासी मोहम्मद वसीम ऊर्फ काल्या नईम मोमीन (23) को गिरफ्तार कर उसके पास से 11 मोबाइल फोन बरामद किया है. भोईवाडा पुलिस ने करीब 1 लाख 16 हजार के 11 मोबाइल जब्त कर लिये हैं. मामले की जांच भोईवाड़ा पुलिस कर रही है.

# अतिक्रमण करने वाले 7 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी :** भिवंडी-कल्याण मार्ग पर यातायात जाम समस्या के निवारण हेतु भिवंडी पुलिस सड़क किनारे स्थित दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई कर रही है. कोन गांव पुलिस ने 7 दुकानदारों के खिलाफ अतिक्रमण का मामला दर्ज किया है, जिससे दुकानदारों में हड़कंप व्याप्त है.

गौरतलब हो कि भिवंडी-कल्याण मार्ग स्थित कोन गांव में सुबह शाम यातायात जाम लगा रहता है. हजारों लोगों को कल्याण से भिवंडी व भिवंडी से कल्याण की 10 किमी दूरी को तय किये जाने में करीब 2 घण्टे लगते हैं. यातायात जाम की वजह से लोगों को समय की बबार्दी सहित आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है.

यातायात जाम से लोगों को हो रही दिक्कतों के मद्देनजर भिवंडी पुलिस उपायुक्त राजकुमार शिंदे के निर्देश पर कोन गांव पुलिस ने मार्ग किनारे दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वाले 7 दुकानदारों पर मामला दर्ज किया है और अतिक्रमण हटाये जाने का आदेश दिया है. यातायात सुचारू किये जाने हेतु पुलिस द्वारा अंजाम दी गई अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है.

# मिशन बिगिन अगेन के तहत मुंबई सहित पूरे राज्य में रेस्टोरेंट और बार के लिए एसओपी



**मुंबई.** मिशन बिगिन अगेन के तहत मुंबई सहित पूरे राज्य में सोमवार से 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ रेस्टोरेंट और बार शुरू हो रहे हैं. कंटेनमेंट जोन को छोड़ कर अन्य क्षेत्र में शुरू होने वाले रेस्टोरेंट और बार के लिए पर्यटन विभाग ने एसओपी जारी की है.

पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव की तरफ से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक रेस्टोरेंट-बार के प्रवेश द्वार पर ग्राहकों की थर्मल स्क्रीनिंग जरूरी होगी. जिसके तहत ग्राहकों के शरीर का तापमान, सर्दी और खांसी के लक्षणों की जांच की जाएगी. जिनका तापमान सामान्य होगा और सर्दी और खासी नहीं होगी उन्हीं को रेस्टोरेंट में प्रवेश दिया जाएगा. रेसोटोरेंट और बियरबार में ग्राहकों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है. सिर्फ भोजन के समय ही मास्क हटाने की छूट होगी.

दिशा-निर्देश में कहा गया है कि बिल के भुगतान के लिए डिजिटल माध्यम को प्रोत्साहित करना होगा. नकदी को संभालने के दौरान जरूरी सतर्कता बरतनी होगी.

सभी रेस्टोरेंट में हैंड सैनिटाइजर भी रखना अनिवार्य किया गया है. रेस्टोरेंट के काउंटर पर प्लेक्सि ग्लास स्क्रिन लगाना होगा.

सरकार के निदेशों के अनुसार रेस्टोरेंट को ग्राहकों की सहमति के साथ कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग के लिए सरकारी अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध करानी होगी.

रेस्टोरेंट में प्रतिक्षा के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग पालन करना अनिवार्य किया गया है. ग्राहकों के आने और जाने के लिए अलग-अलग दरवाजा बनाने के लिए कहा गया है. रेस्टरूम और हैंडवास वाले क्षेत्र की नियमित साफ सफाई करनी होगी.

रेस्टोरेंट और बार में सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय रखना जरूरी होगा. खाने की लिस्ट में सलाद जैसे कच्चे और ठंडे खाद्य पदार्थों के बजाय पके हुए भोजन को ही शामिल करना होगा

## पूर्व विधायक का प्रधानमंत्री के बारे में विवादित बयान, कहा- 'बम से क्यों नहीं उड़ाते नरेंद्र मोदी को'

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पूर्व विधायक रामगुलाम उइके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में विवादित बयान दिया है। सिवनी में धनौरा जनपद के कुड़ारी गांव में आदिवासी समुदाय की सभा को संबोधित करते हुए उइके ने कहा कि नरेंद्र मोदी को बम से क्यों नहीं उड़ाते। उइके ने कहा कि इस देश में इंदिरा गांधी को गोली मार दिया गया, राजीव गांधी को बम से उड़ा दिया गया। फिर मोदी के लिए कोई बम क्यों नहीं बन रहा, उन्हें बम से क्यों नहीं उड़ाते। रामगुलाम उइके घंसौर विधानसभा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## रुक नहीं रहा गैंग रेप का सिलसिला, सिवनी में नाबालिग लड़की हुई दरिंदों का शिकार

**सिवनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह भले ही प्रदेश में मां-बहनों की सुरक्षा के लिए तमाम उपाय करने के दावे कर रहे हैं, लेकिन अपराधियों के हौसले कम नहीं हो रहा और न ही गैंग रेप का सिलसिला रुक रहा है। नरसिंहपुर में दलित महिला के साथ गैंग रेप का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि सिवनी में एक नाबालिग लड़की दरिंदों के हवस का शिकार हो गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**हाथरस जैसा कांडः** नरसिंहपुर में दलित महिला के साथ गैंगरेप, पुलिस ने 4 दिन तक नहीं लिखी ऋफ़्क़ और पीड़िता ने लगा ली फांसी

सिवनी के अरी थाना क्षेत्र के बिरहोली गांव में रहने वाली पीड़ित नाबालिग अपने घर से किराना लेने जा रही थी, तभी रास्ते में गांव के ही राजेन्द्र हरिनखेड़े ओर रूप सिंह नाम के दो आरोपियों ने उसे रोक लिया। आरोपी उसे पकड़कर जंगल में ले गए जहां दोनों ने पीड़िता के साथ गैंग रेप किया और बेहोशी की हालत में पीड़िता को छोड़कर मौके से फरार हो गए। वारदात का पता तब चला जब पीड़िता घर नहीं पहुंची। पीड़िता को ढूँढ़ते हुए उसके पिता जब जंगल की तरफ पहुंचे तो बेहोशी की हालत में बेटी उन्हें मिली। उन्होंने अरी थाना पहुंचकर मामले में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता के बयान के बाद अरी पुलिस ने गैंग रेप करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उपचुनाव से पहले आरक्षण की मांग पर जल सत्याग्रह, जबलपुर में रजक समाज ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में उपचुनाव को लेकर सियासत परवान पर है लेकिन इसी बीच रजक समाज की ओर से आरक्षण पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जबलपुर में रजत समाज ने अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग पर जल सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया है। रजक महासंघ के की ओर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नर्मदा तट ग्वारीघाट पर शुक्रवार को इस जल सत्याग्रह का आगाज हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने सरकार को चेताया है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो जल सत्याग्रह से आगे बढ़कर समाज का ये आंदोलन और तेज किया जायेगा। रजक समाज महासंघ की मांग है कि राज्य में भोपाल, सीहोर और रायसेन में रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किया गया है। इसी तरह अन्य जिलों में समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग उठाई गई है। जल सत्याग्रह के दौरान रजक समाज के पदाधिकारियों ने नर्मदा के पानी में खड़े होकर पूरे दिन प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। रजक समाज की मांग है कि उन्हें मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। अभी मध्य प्रदेश सरकार में प्रदेश के तीन जिलों भोपाल, सीहोर और रायसेन में रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किया है बाकी शेष जिलों में उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी का दर्जा दिया है जो कि पूरी तरह से गलत है रजक महासंघ के पदाधिकारियों ने नर्मदा में खड़े होकर हाथों में बैनर लेकर राज्य शासन से मांग की है कि रजक समाज के साथ किए जा रहे भेदभाव को खत्म किया जाये और पूरे प्रदेश में उन्हें अनुसूचित जाति का घोषित करके गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाये। ताकि समाज को लाभ मिल सके।

रजक समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार राज्य शासन से लिखित रूप में भी मांग की गई लेकिन राज्य शासन ने उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया है लेकिन अब रजक महासंघ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहा है। और जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक इस तरह के आंदोलन और प्रदर्शन पूरे प्रदेश में एक साथ किए जाएंगे। पूरे दिन जल सत्याग्रह करने के बाद रजक महासंघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

# Sunny Leone को नई तरह की एक्सरसाइज करना पड़ा भारी, बोलीं- मुझ पर हंसना बंद करो..



बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन पने अंदाज के लिए खूब जानी जाती हैं. इन दिनों सनी लियोन अमेरिका में अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं, लेकिन वह अकसर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और खूब वीडियो व फोटो भी शेयर करती हैं. हाल ही में सनी लियोन ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस बैलेंसिंग की एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि सनी लियोन इस एक्सरसाइज की पहली बार प्रैक्टिस कर रही हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि सनी लियोन अचानक प्रैक्टिस करते हुए गिर जाती हैं. पोस्ट को शेयर करते हुए सनी लियोन ने कैप्शन में लिखा, "कौन कहता है नई चीजें ट्राई करना आसान होता है.

# तनुश्री दत्ता को पायल घोष मामले में इस बात पर एतराज, बयानी जारी करके फिर दोहराए अपने आरोप





वर्ष 2018 में देश में मीटू अभियान को शुरू करने वाली अभिनेत्री तनुश्री दत्ता एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उन्होंने अभिनेत्री पायल घोष के फिल्म निमार्ता और निर्देशक अनुराग कश्यप पर लगाए यौन शोषण के आरोपों पर अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि पायल घोष का केस अलग है और उनका मामला अलग था। साथ ही तनुश्री ने लोगों से प्रार्थना की है कि इन दोनों मामलों को आपस में जोड़ने की कोशिश न करें। अभिनेत्री पायल घोष ने जब से अनुराग कश्यप पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं, तब से मीटू अभियान एक बार फिर से चर्चाओं में आ गया है। सोशल मीडिया पर लोग इस मामले को तनुश्री दत्ता के मामले से जोड़कर देखने लगे, इस वजह से तनुश्री को अब आगे आना पड़ा है। उन्होंने मीडिया में एक लंबा सा बयान जारी करते हुए कहा है कि जब लोग इन दोनों मामलों को एक साथ जोड़ेंगे तो इसका फायदा दोषियों को ही मिलेगा।

पायल घोष के मामले में तनुश्री का कहना है कि वह इस मामले में कुछ नहीं कह सकती हैं क्योंकि बाकी लोगों की तरह उन्हें भी नहीं पता कि उस समय क्या हुआ होगा। अपने बयान में तनुश्री ने अभिनेता नाना पाटेकर पर निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ पत्रकार और सोशल मीडिया पर फैले ट्रोलर्स उनके केस को पायल के केस से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नाना पाटेकर को इसके जरिए बेदाग दिखाया जा सके। उन्होंने कहा है कि नाना ने उनके साथ सिर्फ शारीरिक शोषण ही नहीं, बल्कि व्यवस्था को खरीद कर भी उनका शोषण किया है।

# करीना कपूर खान ने शेयर की सेल्फी, प्रेग्नेंसी पर बोलीं- 5 महीने और...

जब से करीना कपूर ने इंस्टाग्राम जॉइन किया है तब से वह अपनी तस्वीरों और वीडियोज के कारण और ज्यादा चर्चा में रहती हैं। वैसे इस समय करीना कपूर अपनी तस्वीरों से ज्यादा अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों के कारण सुर्खियों में हैं। करीना





को प्रेग्नेंट हुए 5 महीने हो गए हैं और लगातार उनकी तस्वीरें सामने आ रही हैं। शनिवार को करीना ने अपनी एक और सेल्फी इस्टाग्राम पर शेयर की है। इस सेल्फी में करीना कपूर बगैर मेकअप के दिख रही हैं। तस्वीर में करीना ब्लैक और वाइट चेक्स वाला काफ्तान पहने नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर ग्लो देखा जा सकता है। करीना इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की बची हुई शूटिंग करने के लिए दिल्ली में सैफ अली खान और तैमूर के साथ हैं।

करीना की आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में वह आमिर खान के साथ एक बार फिर नजर आएंगी। इसके अलावा करीना कपूर ने करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म 'तख्त' भी साइन की है। इस फिल्म में करीना के अलावा अनिल कपूर, रणवीर सिंह, विकी कौशल, आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।






'नूर आलम अली' आणि 'अली अन्वर' यांच्या विनंतीला मान देत सांताक्रूझ (पश्चिम), गजदर बांध येथील 'गोल्डन चायनिस आणि तंदुरी' हॉटेलचे उदघाटन शिवसेना प्रणित महाराष्ट्र विद्युत जनरल कामगार सेना अध्यक्ष माननीय 'श्री. कुणाल सरमळकर' यांच्या शुभ हस्ते करण्यात आले तसेच मान्यवरांनी अलीभाई आणि हॉटेल प्रशासनास पुढील वाटचालीबद्दल शुभेच्छा दिल्या....

# एंटी नारकोटिक्स सेल की बांद्रा वेस्ट में बड़ी कार्रवाई, 42 किलो गांजा के साथ एक शख्स को दबोचा

**संवाददाता**

**मुंबई,** बॉलीवुड अभिनेता सुशांत राजपूत की मौत के बाद मुंबई में मादक पदार्थों के कारोबार करने वालों पर जांच एजेंसियों की पैनी नजर है. इसी कड़ी में मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इस घटना के बाद कई बड़े ड्रग पैडलरों को पुलिस ने दबोच लिया है. उनसे जांच पड़ताल के आधार पर जो जानकारी मिल रही है उसके हिसाब से और भी कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में मुंबई के बांद्रा इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शख्स के पास से 42 किलो गांजा



बरामद किया है.

मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई पुलिस के एंटी-नारकोटिक सेल ने तेलंगाना के निवासी को जाल बिछाकर पकड़ा और जांच के दौरान उसके पास से 42 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है. फिलहाल पुलिसन शख्स को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं बरमाद किए गए गांजे की कीमत लगभग 8,50,000 रुपये के करीब है. पुलिस ने आरोपी को मुंबई के बांद्रा पश्चिम क्षेत्र से 8 (सी) और 20 (सी) नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया.

## मुलुंड कांग्रेस सेवादल द्वारा म गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन





**मुंबई :** मुलुंड कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन विजय नगर सोसाइटी गार्डनमुलुंड(प.) पर किया गया।

इस अवसर पर सुनील गंगवानी (महासचिव मुंबई कांग्रेस),रमेश विश्वकर्मा (जिलाध्यक्ष-कांग्रेस सेवादल), कांग्रेस नेता उत्तम गीते,महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष बबिता गुप्ता एवं अश्विनी पोचे,हितेश राच्छ, मोहनलाल राज, जब्बार शेख, शरीफ खान, राजन उटवाल, भगवान किशोर तिवारी,करुणानिधि,अविनाश पाठक, अशोक गायकवाड़, अमरनाथ कागड़ा ने राष्ट्रपिता म गांधी जी के पुतले एवं लालबहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर विनम्र अभिवादन किया एवं इन महापुरुषों के द्वारा बतलाये गये सत्य अहिंसा, जय जवान जय किसान के मार्ग पर चलने की शपथ लिया।

## हाथरस की घटना के निषेधार्थ मुलुंड में मशाल मोर्चा








**मुंबईः-** हाथरस में हुई घटना मनीषा वाल्मीकि पर अमानुषिक बलात्कार एवं नृशंस हत्या के विरोध में ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस, मुलुंड युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, स्लम सेल, युवा ब्रिगेड असोसिएशन द्वारा "मशाल मोर्चा" का आयोजन वैशाली नगर बस स्टॉप से मुलुंड स्टेशन तक किया गया।

मोर्चे के नेतृत्व आयोजक अवधूत नवले (सचिव-ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस),डॉ सचिन सिंह(अध्यक्ष-युवा ब्रिगेड असोसिएशन),मोहित सिंह(अध्यक्ष-मुलुंड युवक कांग्रेस),भगवान किशोर तिवारी(महासचिव-स्लम सेल),संतोष सिंह(अध्यक्ष-मुलुंड कांग्रेस सेवादल),राजेश गायकवाड(ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष)रिजवान शेख,रोहित यादव,अक्षय पवार, गौरव चिखले, पवन तांबे, पंकज जायसवाल, बिपिन सिंह, संदीप बोधने ने किया।

प्रदर्शनकारी मनीषा वाल्मीकि के बलात्कारी, हत्यारों को फांसी दो,फांसी दो, उ.प्र. में जंगल राज नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। हत्यारों को संरक्षण देने वाली, योगी सरकार-बर्खास्त करो, राहुल प्रियंका से बदतमीजी करने वाले पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करो इत्यादि नारे

# सड़क पर थूकनेवालों पर बीएमसी की कार्रवाई

**मुंबई :** कोरोना संकट से जूझ रही मुंबई को बचाने के लिए जारी गाइडलाइंस को भी कुछ लोग नहीं मान रहे हैं। ऐसे लापरवाह लोगों को सबक सिखाने के लिए बीएमसी कड़ा कदम उठा रही है। मास्क न लगाने और सार्वजनिक स्थानों पर फालतू घूमनेवालों से बीएमसी जुर्माना वसूल रही है। मुंबई में अब



सार्वजनिक स्थानों पर थूकनेवालों पर भी बीएमसी फाइन लगा रही है।

कोरोना संकट को देखते हुए बीएमसी ने 17 सितंबर से सार्वजनिक स्थानों पर थूकनेवालों पर 200 रुपये दंड लगाने की शुरूआत की है।

## बिना मास्कवालों पर 60.48 लाख का जुर्माना

**कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए बीएमसी ने मुंबई में मास्क पहनना अनिवार्य किया है। फिर भी लोग बिना मास्क पहने घूमते हुए पकड़े जा रहे हैं। बीएमसी की टीम ने इन लोगों से 60 लाख, 48 हजार, 500 रुपये का दंड वसूला है। बता दें कि बीएमसी ने मुंबई में 20 अप्रैल से मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया था। तब बीएमसी ने कहा था कि बिना मास्क लगाए पकड़े जानेवालों से 1000 रुपये का दंड वसूला जाएगा। बीएमसी ने 20 अप्रैल से 12 सितंबर तक बिना मास्क घूमने वाले 49991 लोगों पर 33 लाख, 68 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया, जबकि 13 सितंबर से फाइन की राशि बीएमसी ने घटाकर 200 रुपये कर दी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग बिना मास्क लगाए घूमते हुए पकड़े जा रहे हैं।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रफीक एम. शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस ३-४ अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.२, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-६३ से मुद्रित कराकर रूम नं. २६, कामा रोड, रोशन नगर, गांव देवी डोंगरी, अंधेरी (प.), मुंबई-५८ से प्रकाशित किया। मो. : ९८३३७७९९२०
समस्त विवादों के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा। Email : aib7861@gmail.com **संपादक : रफीक एम. शेख सह संपादक : अहमद शेख (मो.७७१५९४९०३२)**